क्या कहते हैं हमारे साथी...

प्लस ट्रस्ट ने मेरा उस वक्त साथ दिया जब मेरे परिवार वाले भी मुझे समझ रहे थे। मुझे उस पल का एहसास तब हुआ जब मैं एक गाँव के युवा के रूप में डरी और संभावना रहित बैठी थी इसलिए में प्लस ट्रस्ट को बड़ा सा धन्यवाद देना चाहती हूँ।

अश्वीथा शेट्टी, बोधी ट्री स्कील्स, फेलो 2014

मेरी फेलोशिप भले ही इस महीने खत्म हो गई हो, मेरी जिंदगी की यात्रा सफलता को और चल पड़ी है, मेरी ये ख्वाहिश है की ये निश्ता प्लस ट्रस्ट से यूँ ही चलता रहे।

साजिद अली, रोटे, फेलो 2015

"हम सब मिलकर एक सकारात्मक बदलाव ला सकते है"

plus trust

follow your inner voice

वेबसाइट : www-plustrust-org

ई-मेल : plustrust21@gmail-com

लेख भेजने का पता :

स्मृति केडिया, 1-डी, भोपालपुरा,

गट्टानी हॉस्पीटल के पास, उदयपुर, राजस्थान -313001

अन्य कोई जानकारी के लिए संपर्क करें

स्मृति केडिया : 9414168379

चारू भाटी : 7073897739

Plus Trust : Follow Your Inner Voice



प्लस ट्रस्ट फेलोशिप : 2016

"आज की शिक्षा प्रणाली में बदवाल के बीज"

प्लस ट्रस्ट फेलोशिप : 2016

उन युवा महिलाओं के लिए जो आज शिक्षा को रोचक और असरदार बनाने के लिए आगे आना चाहती है

फेलोशिप के बारे में :

पिछले कुछ सालों से स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ रही है पर ग्रामीण क्षेत्रों में पहली पीढ़ी के विद्यार्थी आज भी कई तरह की परेशानियों का सामना करते हैं। इन परेशानियों से बाहर आने के लिए उन पर खास तौर पर ध्यान देने और शिक्षा से जुड़ी मदद देने की जरूरत है, जो कि उनके परिवार नहीं दे पा रहे हैं।

इस फर्क को मिटाने के लिए प्लस ट्रस्ट, ग्रामीण क्षेत्रों की युवा महिलाओं के लिए एक फेलोशिप लेकर आई है, जिसका मकसद उन सभी नए शिक्षा से जुड़े प्रोजेक्ट्स का साथ देना है जिन्हें युवा महिलायें उनके गाँव के सभी तरह के विद्यार्थियों (बच्चों, युवाओं और बड़ों) के लिए लाना चाहती है। इस फेलोशिप का सपना उन कोशिशों को सहयोग देने के लिए है जो शिक्षा को मजेदार और असरदार बनाने के लिए है।चयनित फेलोस को फेलोशिप से फण्ड, मार्गदर्शन व नेटवर्किंग का सहयोग मिलेगा।

अगर आप भी अपने गाँव में शिक्षा के वातावरण को बदलना चाहते हैं और उन विद्यार्थियों की प्रतिभा को उभारना चाहते हैं तो यह फेलोशिप आप के लिए है?

कौन भाग ले सकता है?

ग्रामीण युवा महिलाएं जिनकी उम्र 35 वर्ष से कम है, जिन्होंने कम से कम उच्च माध्यमिक स्तर की पढ़ाई की है तथा जिनमें अपने गाँव के बच्चों का जीवन बेहतर बनाने की चाह है वे इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं।

हमारी कोशिश है कि हम अपने फेलोस में इन क्षमताओं का निर्माण करें

प्लस ट्रस्ट :

प्लस ट्रस्ट एक बंगलौर आधारित गैर सरकारी संस्था है जो शिक्षा और पशुओं के अधिकारों के लिए काम करती है, प्लस ट्रस्ट उन युवा लोगों को फेलोशिप देती है जो इन विषयो में काम करना चाहते हैं। पिछले 5 वर्षों से प्लस ट्रस्ट अपनी फेलोशिप के माध्यम से भारत भर में कई युवा साथियों के साथ जुड़ी है।

प्लस ट्रस्ट उन लोगों को प्रोत्साहित करती है जिनके जो अपने मन की आवाज सुनते हैं और समाज में बदलाव लाना चाहते हैं।

हम सब मिलकर एक सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं

चयन प्रक्रिया:

1. कृपया हमें निम्न विषय पर एक लेख लिख कर भेजें जो 500 शब्दों से ज्यादा नहीं हो "मैं ऐसा क्या करना चाहती हु जिससे मेरे गाँव में शिक्षा का स्तर सुधरे और वह रोचक बने।"

   यह लेख हमें 15 अगस्त 2016 से पहले तक plustrust21@gmail.com पर ई-मेल करें या हार्ड कॉपी पीछे लिखे हुए पते पर पोस्ट करें। लेख पर अपना नाम, पता और फोन नंबर जरूर लिखें।

2. 20 अगस्त 2016 तक हम आपके लेख के आधार पर आपको चयनित करेंगे और फिर 4 दिन की कौशल निर्माण कार्यशाला के लिए आमंत्रित करेंगे जो उदयपुर, राजस्थान में 30 अगस्त 2016 – 2 सितम्बर 2016 तक आयोजित होगी।

3. कार्यशाला के बाद सभी प्रतिभागी अपनी विस्तृत कार्य योजना बनाकर 15 सितम्बर 2016 तक प्लस ट्रस्ट को भेज देंगे।

4. आपकी कार्य योजना के आधार पर हम अक्टूबर 2016 तक फेलोशिप चयनित महिलाओं के लिए फेलोशिप शुरू करेंगे।

5. चयनित फेलोस की आवश्यकता के अनुसार उनकी क्षमतावर्धन के लिए योजना बनायी जाएगी।